श्री संजीव सरन,
प्रमुख सचिव।

महत्वपूर्ण/समयबद्व
अ0शा0प0सं0-21/2016/1755/55-पर्या-2016

उत्तर प्रदेश शासन
पर्यावरण अनुभाग
लखनऊ : दिनांक : 25 मई, 2016

प्रिय महोदय,

पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन चेतना के प्रसार हेतु "संयुक्त राष्ट्र संघ" की पहल पर प्रत्येक वर्ष 05 जून को सम्पूर्ण विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। "संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम" द्वारा प्रत्येक वर्ष इस अवसर के लिये एक मुख्य विचार बिन्दु निर्धारित किया जाता है। इस वर्ष के लिए विश्व पर्यावरण दिवस हेतु मुख्य विचार बिन्दु- "विश्व को एक बेहतर स्थान बनाने हेतु दौड में शामिल हों" ("Join the race to make the world a better place") निर्धारित किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि संविधान के अनुच्छेद 51-क (छ) में प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण की रक्षा हेतु सौंपे गये दायित्वों के अनुपालन में अपने जनपद के समस्त कार्यालयों में प्रत्येक कार्मिक को आगामी विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर यह शपथ दिलवायें कि "मैं प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अन्तर्गत वन, झील, नदी और वन्यजीव है, की रक्षा करूंगा और उसका संवर्धन करूंगा तथा प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखूंगा।" प्रदेश की वर्तमान सरकार की प्राथमिकता के कार्यक्रम में पर्यावरण सुधार एक मुख्य बिन्दु हैं, अतः विश्व पर्यावरण दिवस को प्रत्येक जनपद में वृहद स्तर पर मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून, 2016 के उपलक्ष्य में विचारशील नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षिक एवं सामाजिक संस्थाओं तथा जन प्रतिनिधियों इत्यादि के सहयोग से कार्यक्रमों का आयोजन कराने हेतु अपेक्षित कार्यवाही कराने का कष्ट करें। इस आयोजन हेतु आवश्यक धनराशि की व्यवस्था जिला योजना के अन्तर्गत "पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मद" में प्रस्तावित बजट से की जायेगी। यदि आपके जनपद में "पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मद" में धनराशि का प्रावधान नहीं हुआ है तो यह व्यवस्था जनपद में उपलब्ध अन्य संसाधनों से करा ली जाय।

अतः कृपया निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अधोहस्ताक्षरी एवं पर्यावरण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ को कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव सरन)

समस्त जिलाधिकारी (नाम से)
उत्तर प्रदेश।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

http://sansanidesh.up.nic.in

अर्द्वशा0 पत्र संख्या-21/2016/1755(1)/55-पर्या-2016-तददिनांक

प्रिय महोदय,

उपर्युक्त की प्रति पेषित करते हुये मुझसे यह अपेक्षा की गयी है कि कृपया अपने स्तर से भी आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(संजीव सरन)

समस्त मण्डलायुक्त, (नाम से)
उत्तर प्रदेश।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।